# माया से डरो प्यारे माया मार डालेगी भजन लिरिक्स

माया से डरो प्यारे माया मार डालेगी,
भक्ति करो प्यारे भक्ति पार लगाएगी।bd।

---

धन और दौलत तेरे संग नहीं जायेंगे,
जायेगा जायेगा तो बस एक सिक्का,
वो भी मरघट में पड़ा रह जायेगा
माया से डरों प्यारे माया मार डालेगी।bd।

---

कपडे लत्ते तेरे संग नहीं जायेंगे,
जायेगा जायेगा तो दो गज कपडा,
वो भी मरघट में पड़ा रह जायेगा,
माया से डरों प्यारे माया मार डालेगी।bd।

---

महल तिवारे तेरे संग नहीं जायेंगे,
जाएगी जाएगी तो बांस की नसैनी,
वो भी मरघट में पड़ी रह जाएगी,
माया से डरों प्यारे माया मार डालेगी।bd।

---

बहु और बेटी तेरे संग नहीं जायेंगी,
जायेंगे जायेंगे तो नाती बेटे वो,
वो भी मरघट में खड़े रह जायेंगे
माया से डरों प्यारे माया मार डालेगी।bd।

---

सोना चाँदी तेरे संग नहीं जायेंगे,
जायेगा जायेगा तो बस एक टुकडा,
वो भी मरघट में पड़ा रह जायेगा
माया से डरों प्यारे माया मार डालेगी।bd।

---

माया से डरो प्यारे माया मार डालेगी,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com